## एक नजर में

### कैलाश सोनी को लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान




**देवास।** जवाहर कला केंद्र में हाल ही में शुरू हुई तीन दिवसीय नजर फोटोग्राफी महाकुंभ फोटोग्राफी प्रेमियों और विद्यार्थियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ। इस प्रदर्शनी में देशभर से आए वरिष्ठ छायाकारों, पत्रकारों और कला प्रेमियों ने हिस्सा लिया। दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण रहा वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी सेशन, जिसमें विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह चौहान ने विद्यार्थियों और विजिटर्स से संवाद किया। इसी अवसर पर स्वर्गीय चंद्रशेखर कुमावत की स्मृति में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किए गए। वरिष्ठ छायाकार कैलाश सोनी को जर्नलिस्ट श्रेणी में यह सम्मान दिया गया। वहीं, वरिष्ठ फोटोग्राफर श्रेणी में जयपुर के रमेश वर्मा और सुभाष शर्मा को भी सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने प्रदान किए।

### श्री औदुंबर रामायण मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**देवास।** श्री औदुंबर रामायण मंडल देवास द्वारा विधि विधान के साथ निशुल्क संगीत मय सुंदरकांड का पाठ रामायण मंडल के अध्यक्ष डीके जोशी एवं राम भक्तों द्वारा किया गया।अभिषेक जोशी ने बताया कि रामेश्वर धाम मंदिर रामनगर में सुंदरकांड का पाठ किया। सुंदरकांड का पाठ सभी अनिष्ट का निवारण करने वाला है। सर्वप्रथम भगवान का पूजन कर ध्वज का पूजन किया गया एवं रामायण मंडल के अध्यक्ष तथा सभी सदस्यों का स्वागत डॉ बसंत सरस्वती द्वारा किया गया। सुंदरकांड के पाठ के पश्चात सुंदर भजनों द्वारा सभी भक्तों का मन मोह लिया सभी को आनंद की अनुभूति हुई। आरती कर राम श्री राम रक्षा स्त्रोत पुस्तक का निशुल्क वितरण किया गया। रामायण मंडल द्वारा इस अवसर पर रामायण मंडल के अभिषेक डीके जोशी, सुभाष जोशी, स्वप्निल चौधरी, एडवोकेट गोवर्धन सिंह ठाकुर, जगदीश श्रीनिवास, मोनू ठाकुर, मंदिर के पुजारी संजय दुबे एवं सुंदरकांड में पधारे कॉलोनी के डॉ बसंत सारस्वत, डॉ आरसी शर्मा, डॉ त्यागी, डॉ वर्मा, लक्ष्मी नारायण रंगा, पीके शर्मा, महेंद्र नागर, बृजेश दुबे, रिटायर्ड डीएसपी फूलसिंह रघुवंशी, मोहन जोशी, रवि गुप्ता, महेंद्र पंडिया, के.के. गौर एवं कॉलोनी के नागरिक एवं राम भक्त उपस्थित रहे। सभी भक्तों द्वारा बड़ी श्रद्धा के साथ सुंदरकांड का पाठ का श्रवण किया।

### त्रि दिवसीय विशेष ध्यान शिविर का आयोजन 16 से



**देवास।** स्वामी योगेन्द्र भारती एवं नवीन सोलंकी ने बताया कि ओशो, गुर्जियेफ, झाझेन एवं साउंड हिलिंग, लामा फेरा विधियों के द्वारा आपके शरीर की नकारात्मक उर्जा दूर करते हुए आपके उर्जा केन्द्रों (चक्रों) को जाग्रत कराते हुए ध्यान की गहराईयों में आपको अपने से आत्मसात करवाया जाएगा। इस विशेष ध्यान शिविर का दिव्य संचालन स्वामी डॉ. नरेन्द्र बोधिसत्व (डॉ. नरेन्द्र भेसदिया इंटरनेशनल साउंड हिलर मास्टर) आप लामा फेरा एण्ड रेकीलाईफ कोच जामनगर गुजरात एवं स्वामी बोधि निजेन ओशो, गुर्जियेफ एवं झाझेन ध्यान प्रशिक्षक के तत्वावधान में 16 सितम्बर शाम 6 बजे से तक्षशीला स्कूल के पीछे ग्राम मेंडिया इंदोर उज्जैन रोड पर स्थित ओशो महाकाल धाम आश्रम में शुभारंभ होकर 17,18,19 सितम्बर दोपहर लंच तक चलेगा। इस हेतु स्वामी बोधि सागर (हिमांशु), मां प्रेम संगीत (स्वाती), स्वामी हर्षद नागर, मां दिव्याम कांता, मां मधुसूदन मीरा, अशोक बोधि, मां प्रेम अन्जु ने आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उक्त ध्यान शिविर का लाभ लें।

### दिवंगत विधायक चंपालाल देवड़ा की जयंती मनाई



**उदयनगर।** उदयनगर में दिवंगत विधायक स्व चंपालाल देवडा की जन्म जयंती मनाई गई। बागली विधानसभा क्षेत्र के जननेता 2बार विधायक रहे स्वर्गीय चंपालाल देवडा की जन्मजयति सामुदायिक कल्याण आश्रम शाला उदयनगर में शिक्षक परिवार द्वारा मनाई गई, उनके परिवार के सदस्य गण उनकी पत्नी शारदा देवड़ा पुत्र कान्हा देवड़ा, खुशी देवडा आदि सम्मिलित हुवे, उनका भी स्वागत किया गया, सभी बच्चों को शैक्षणिक सामग्री एवं अल्पाहार कराया गया, अंत में गोविंद चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### तीर्थ यात्रा से लौटने पर तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया



**देवास।** तीर्थ यात्रा से लौटने पर तीर्थ यात्रियों का ग्राम सुन्द्रैल में भव्य स्वागत किया ग्राम के नरेंद्र वर्मा शिव वर्मा सचिन शर्मा पवन जोनवाल राजाराम जोनवाल सहित ग्राम के अन्य तीर्थ यात्रीओ जो तीर्थ यात्रा से लौटने पर ग्राम में भव्य स्वागत सत्कार किया शोभा यात्रा निकाली जो शोभा यात्रा श्री सुंदरेश्वर शिव मंदिर बस स्टैंड से प्रारंभ होकर के प्राचीन श्री सिद्ध हनुमान मंदिर तालाब चौक तक निकाली ढोल धमाके आतिशबाजी के साथ निकाली शोभायात्रा में ग्राम के अनेक धर्मात्मा श्रद्धालु भक्त जनों ने भाग लेकर के तीर्थ यात्रा से लाये गंगाजल के पात्रों का पूजन किया आरती पुष्पांजलि प्रसादी का पून्य लाभ लिया इस दौरान बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाएं पुरुष बच्चे पंडित पुजारी आदि उपस्थित थे।

## निगम ने स्वच्छता के संदेश का रथ व नयनाभिराम झांकी निकाली



**देवास।** दस दिवसीय गणेशोत्सव के अंतिम दिवस शनिवार 6 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नगर निगम कार्यालय मे विराजित भगवान श्री गणेश जी की विधि विधान से महाआरती सभापति रवि जैन के द्वारा निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष व गणेशोत्सव समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, निगम लोक निर्माण समिती अध्यक्ष व गणेशोत्सव समिती उपाध्यक्ष गणेश पटेल, पार्षद राहूल दायमा, महेश फुलेरी, भूपेश ठाकुर, सोनू परमार, पार्षद प्रतिनिधि बाबु यादव, निगम सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया के साथ की गई। इसके पश्चात श्री गणेश जी प्रतिमा को निगम के वाहन मे रखकर निगम द्वारा स्वच्छता के संदेश हेतु राष्टपति के द्वारा 50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या मे देवास को पूरे देश मे प्रथम आने के पुरस्कार का राष्टपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ स्वच्छता संदेश का रथ एवं 2 नयनाभिराम झांकी को शहर के नागरिकों को देखने हेतु निगम परिसर से रवाना किया गया। जिसमे काशी के कोतवाल भगवान श्री काल भैरव एवं दुसरी झांकी मे नंद बाबा कन्हैया को यमना पार कराते हुये प्रसंगों पर आधारित झांकी निकाली गई। इस अवसर पर निगम कार्यालय अधिक्षक अशोक देशमुख, राजस्व अधिकारी राम ठाकुर, उपयंत्री श्याम सुन्दर रघुवंशी, सुर्यप्रकाश तिवारी, प्रतिक शर्मा, विकास शर्मा, उमेश चतुर्वेदी, अरूण तोमर, ताराचंद चौधरी, शैलेन्द्रसिह परिहार, कैलाश नायक, विशाल शर्मा, शंकर सांगते आदि सहित निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दशलक्षण पर्व के समापन पर श्रीजी की शोभा यात्रा निकाली



**लोहारदा।** दशलक्षण पर्व के समापन पर जैन समाज लोहारदा द्वारा श्रीजी की शोभा यात्रा निकाली गई ततपश्चात दोनो मंदिरो में अभिषेक एवं शौसिधा की गई इससे पूर्व दश दिवसीय दशलक्षण महापर्व पर दोनो मंदिरजी मे अभिषेक पूजन उत्साह पूर्वक किया गया शाम को भव्य आरती व सामायिक का आयोजन किया गया। श्रावको द्वारा अपनी शक्ति अनुसार उपवास व एकासन का तप किया समाज के सभी गणमान्य नागरिको का सानिध्य प्राप्त हुआ।

## श्रद्धा व भक्तिभाव से दी बप्पा को विदाई

**सामूहिक पूजा व आरती कर निर्धारित स्थान पर प्रतिमाओं का किया विसर्जन**



**सोनकच्छ।** नगर सहित क्षेत्र में 10 दिवसीय गणेशोत्सव का शनिवार को समापन हुआ। इन 10 दिनों में श्रद्धालुओं ने अपने घरों एवम पांडालों में भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना के बाद से प्रतिदिन उनकी विशेष पूजा अर्चना की तथा प्रसादी का वितरण किया। भक्तों व समितियों ने शनिवार रात्रि को गणेशजी की मूर्तियों का विसर्जन जुलूस निकाला। पूजा-अर्चना कर बप्पा को विदाई दी। जुलूस में श्री खेड़ापति मित्र मंडल के चल समारोह में आए गोरिल्ला आकर्षक का केंद्र रहा। जुलूस में करीब बप्पा की दर्जन से अधिक प्रतिमाएं थी। जुलूस बस स्टैंड से रात 8 बजे शुरू होकर एमजी रोड, महाराणा प्रताप चौक, चमन बाजार, चूड़ी बाखल, राजेंद्र मार्ग, महावीर मार्ग होता हुआ कालीसिंध नदी के पिपलेश्वर घाट पहुंचा। इसके बाद जुलूस नप द्वारा बनाए गए कुंड पर पहुंचा, जहां मूर्तियों का विसर्जन किया गया। जुलूस में डीजे, ढोल, ताशे व बैंड की धुन पर युवक नाचते-गाते गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते चल रहे थे। एसडीएम प्रिया चंद्रावत, तहसीलदार संजय गर्ग, एसडीओपी दीपा मांडवे, टीआई आशीष राजपूत, एसआई आरके शर्मा सहित पुलिस बल मुस्तेद था। वहीं विसर्जन को लेकर प्रशासनिक अधिकारी भी सतर्क रहे।

## पितरों की सेवा के बगैर कर्ण को भी नहीं मिली थी स्वर्ग में जगह : जोशी

**श्राद्ध पक्ष की पूर्णिमा पर हुआ सामूहिक पिंडदान**



**भौंरासा।** नगर में बाबा भवॅरनाथ जी मंदिर प्रागंण में श्राद्ध पक्ष के चलते अपने पूर्वजो को याद करते हुए सभी समाज के लोगो ने सामुहिक पिंडदान किया। यह पिंडदान अपने पूर्वजो की आत्माओ की शांती के लिए 3, 5 या 7 वर्ष में अपनी श्रृद्वा अनुसार किया जाता हे माना जाता हे की इसमें लोगो को अपने पूर्वजो के प्रति आस्था एंव संस्कृति के अनूरूप यह कार्य करना पड़ता है। पुरानी मान्यताओ व परम्पराओ के अनुसार यह श्राद्ध पक्ष अपने पितृो की याद में 16 दिन तक लोग उन्हे धूप ध्यान पूजन पाठ कर प्रसन्न करने के लिये किया करते हे ओर मान्यता रखते है की उनके पूर्वज प्रसन्न होकर उन पर दया दृष्टी बनाये रखे। यह कथा भी श्राद्ध का महत्व बखूबी बताती है पुराने लोगो के अनुसार पितृ पक्ष के इन 16 दिनो में शुभ कार्य नही किये जाते हे व अपने अपने अनुसार इन दिनो में लोगो द्वारा अपने घरो में ब्राह्मणो को भोज कराया कराया जाता है व ब्राम्हणों को अपनी श्रृद्वा अनुसार दक्षिणा देकर उनसे आशीर्वाद लिया जाता है भौरासा नगर परिषद अध्यक्ष एव नगर परसाई संजय जोशी का कहना है की बाबा भवॅरनाथ जी मंदिर पर यह कार्य इस लिए भी किया जाता है की यहा पर कई प्रकार का संगम है जेसे बाबा भवॅरनाथ जी महाराज की जिवित समाधि व प्राचीन पीपल व बढ़ का वृक्ष रानी दमयंति तालाब एंव पास स्थित अति प्राचीन कुंण्ड आदि का विशेष संगम होने की वजह से यहा हर साल श्राद्ध पक्ष की पूर्णिमा पर यहा पर पित्रों को तर्पण का कार्य किया जाता है। यहा पर पूजन के पश्चात पास स्थित रानी दमयंति तालाब में पित्रो को पारम्परिक अनुष्ठान करने के पश्चात तर्पण किया जाता है। संजय जोशी नगर परिषद अध्यक्ष बनने के बाद भी अपना कर्म नहीं भूले वे अपना कर्म आज भी निभा रहे हैं व पूर्व में भी वे नगर परिषद में 10 साल तक नगर परिषद अध्यक्ष रह चुके हैं वह अपना कर्म निभाते थे और आज भी अपना कर्म कर रहे हैं।

### पितरों की सेवा के लिए धरती पर आए थे कर्ण

इसी में एक पुरानी मान्यता बताते हुए पंडित मनोज जोशी ने बताया कि जब दानवीर कर्ण की मृत्यु हुई थी तो उन्हें नर्क लोक भेजा गया था तब उनके द्वारा भगवान से पूछा गया था कि मैंने मेरी जिंदगी भर दान किया है मुझसे बड़ा दानवीर धरती पर कोई नहीं फिर भी मुझे नरक लोक क्यों भेजा गया तब भगवान ने उन्हें बताया था कि तूने तेरी जिंदगी में सभी को दान दिया है सभी की सेवा की है परंतु तूने अपने पितरों की सेवा नहीं की ना उन की पूजन की ना उन को दान दिया इसी के चलते आज नरक लोक में स्थान मिला है। तब भगवान के द्वारा कर्ण को धरती पर वापस भेजा गया व 16 दिन कर्ण के द्वारा पूर्वजों की सेवा करने के साथ दान पूर्ण किया गया तब जाकर कर्ण को मुक्ति मिली थी।

## सारी रात चला सदभावना क्लब का महा विसर्जन चल समारोह



**बग्गी में सवार होकर निकले गजानंद जी महाराज**

**सतवास।** सतवास में गणेश चतुर्थी से शुरू हुआ ग्यारस दिवसीय गणेश महोत्सव का शनिवार 6 सितम्बर अनंत चतुर्दशी के दिन समापन हुआ। अनंत चतुर्दशी पर सतवास में सुबह से गणेश विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हुआ जिसमे बाजार चौक सहित अन्य पांडालों की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सर्व धर्म समभाव के प्रतीक सदभावना क्लब का अपने 33 वे वर्ष का महा विसर्जन चल समारोह महाराणा प्रताप चौराहा राजीव चौक बस स्टैंड सतवास से रात्रि 9 बजे प्रारंभ हुआ जो सारी रात चला जिसमे , बाल बजरंग अखाड़ा सतवास,वीर बजरंग अखाड़ा भैरूपुरा, वीर बजरंग अखाड़ा बाल्या, शिव भक्त भजन मंडल सतवास , आजाद ढोल पार्टी, डीजे, आदि शामिल हुए।

नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः महाराणा प्रताप चौराहा बस स्टैंड सतवास पहुंचा वहां सभी अखाड़ों के कलाकारों ने हैरत अंगेज करतब दिखाए अखाड़ों के उस्तादों का सदभावना क्लब द्वारा साफा,शील्ड, राशी देकर सम्मान किया गया , सभी लोगों को क्लब द्वारा नाश्ता करवाया गया। रात करीबन साढ़े तीन चार बजे दतुनी नदी बड़कन में भारी मन से गजानंद जी का विसर्जन किया गया। क्लब के अध्यक्ष अजय व्यास, कोषाध्यक्ष विजय सिंह गौड़, मनोज राय, पूर्व अध्यक्ष डॉ राजेश यादव, वहीद सदर, रमजान खान,संतोष सिंह गौड़, आनन्द योगी, अक्षय जायसवाल, जयेश सिंगी, अरूण सोलंकी, मनीष राय, हनु कासलीवाल, जागेश्वर मालवीया, अनीस खान, अमन राठौर,अनील सुनिल पेंटर, अजय सिंह गौड़, राजवीर सिंह गौड़, आर्यन राय ने सभी का आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

## शासकीय स्वास्थ्य केंद्र की नर्स पर लगा लापरवाही का आरोप

**पुंजापुरा शासकीय स्वास्थ्य केंद्र पर लापरवाही का मामला सामने आया**

**देवास।** कलेक्टर जनसुनवाई में प्रसूता के परिजनों ने एक आवेदन पत्र दिया जिसमें बताया गया है कि हम साधना पति माखन को जो की गर्भवती थी , उसे प्रसव पीड़ा के चलते बागली स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए निकले। परन्तु बोरखालिया ग्राम लालघाटी से जब पुंजापुरा बागली रोड पर पहुंचे तो वहां अधिक पीड़ा बढ़ जाने से हमने उसे पुंजापुरा अस्पताल में ही दिखा दिया। जहां पर ड्यूटी नर्स ने कहा की डिलीवरी तो नॉर्मल होगी। आप गर्भवती की डिलीवरी यहीं पर करवा लीजिए। डिलीवरी भी नॉर्मल हुई। 06, 08 , 2025 को दोपहर 2 बजे छुट्टी कर दी गई अस्पताल से जब हम साधना को घर लेकर आ गये। नित क्रिया मैं साधना को गड़बड़ लगी उसने अपने पति को बताया कि मुझे मूत्र और शौच एक ही जगह से हो रहे हैं। इस पर हम वापस पीड़िता साधना को पुंजापुरा अस्पताल मैं दिखाया गया । वहां से उसे बागली रेफर कर दिया। जहां जांच के बाद उसे गोली देकर कहा गया कि ठीक हो जाएगा। और इनकी डिलीवरी जहां पर हुई है वहीं पर लेकर जाइए। लेकिन परिजनों ने उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए बागली के एक निजी अस्पताल में दिखा दिया। निजी अस्पताल द्वारा जानकारी दी गई की इनकी एक नस कटी हुई है। उन्होंने प्राथमिक इलाज कर कर इंदौर रेफर कर दिया जहां पर साधना का इलाज किया गया। पति ने कहा कि हम गरीब लोग कर्ज कर कर जैसे तैसे उसका इलाज करा पाए, पुंजापुरा अस्पताल की नर्स की गलती की वजह से हमें इतनी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा। मेरी पत्नी की जान पर बन आई। वहीं पीड़िता के पति ने आगे कहा यह डिस्चार्ज वाले कागज पर जिस दिन डिलीवरी हुई है उस दिन छुट्टी की तारीख डाली जिस दिन छुट्टी हुई है। उस दिन डिलीवरी की तारीख डाली गई है। कैसे कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है पुंजापुरा का अस्पताल? उन्होंने कहा कि हमने कलेक्टर देवास को आवेदन देकर मामले की जांच कर शीघ्र वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है। डिलीवरी के समय की गई लापरवाही से जो नस कटी है उसमें जो भी दोषी हो उसे पर कार्रवाई की जाए।

### इनका कहना है

इस मामले को लेकर देवास जिला अस्पताल की सरोजिनी जेम्स बेक से बात की तो उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से जानकारी मिली है । मामले को जांच में लिया है , कार्रवाई की जाएगी। बागली बीएमओ डॉक्टर हेमंत पटेल से जब इस मामले में उनका मत जानना चाहा तो फोन पर उन्होंने कहा कि पुंजापुरा अस्पताल का चार्ज डॉक्टर अनिल के पास है आप उनसे बात कर लीजिए । जब डॉक्टर अनिल को फोन लगाया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। आवेदन में जिस नर्स की लापरवाही का जिक्र किया गया है । उनसे भी चर्चा करने की कोशिश की। तो उन्होंने भी कॉल रिसीव नहीं किया।

**एक नजर** जगह जगह हुआ भव्य स्वागत

## जश्न- ए- ईद मिलादुन्नबी पर शांति एवं सद्भावना पूर्वक जुलूस निकाला



**देवास।** देवास शहर में सीरत कमेटी की जानिब से 5 सितंबर शुक्रवार 2025 की सुबह 9.30 बजे मस्जिद कस्साबान पुराना बस स्टैंड से, काजी इरफान अहमद अशरफी चीफ काजी देवास सीनियर एवं काजी नौमान अहमद अशरफी तथा काजी अब्दुल कलाम फारुकी देवास जुनियर की उपस्थिति में जश्न- ए- ईद मिलादुन्नबी का जुलूस प्रारंभ हुआ। फातिहा खानीं के बाद जुलूस पुराना बस स्टैंड से शुरू होकर जवाहर चौक, नयापुरा, नाहर दरवाजा, पठान कुआं, बड़ा बाजार से रज्जब अली मार्ग ,नयापुरा ,शालिनी रोड जनता बैंक,मदीना मस्जिद, रंगरेजान मस्जिद ,अखाड़ा रोड, माली मोहल्ला खारी बावड़ी, शांतिपुरा, इस्लामपुरा, तहसील चौराहा ,बजरंगपुरा ,नावेल्टी चौराहा, अलंकार चोराहा, शुक्रवारिया हाट, पीठा रोड , जयप्रकाश मार्ग, तीन बत्ती चौराहा ,सुभाष चौक से मस्जिद कस्साबान , 3. 30 बजे के करीब पहुंचा जहां फातिहा खानीं के बाद लंगर का आयोजन किया गया, तबर्रुक प्रसाद वितरण किया गया। जुलूस वाले मार्ग पर जगह-जगह राजनीतिक समाजसेवी, धार्मिक संस्थाओं द्वारा मंच बनाकर काजी साहबान का इस्तकबाल,स्वागत किया गया, तथा प्रसाद तबर्रुक वितरण तकसीम किया गया। जुलूस में काफी संख्या में लोग मौजूद रहे, इसी बीच शालिनी रोड पर जुलूस निकलते समय 1-30 बजे के दरमियान भारी बरसात झमाझम बारिश शुरू हुई जो 3.30 तक बारिश होती रही, मगर जुलूस भारी झमाझम बरसात में भी निकलता रहा जगह-जगह मंचों से काजी इरफान अहमद अशरफी, काजी नोमान अहमद अशरफी काजी अब्दुल कलाम फारुकी का इस्तकबाल किया गया।

स्थानीय तीन बत्ती चौराहा मंच पर जुलूस पहुंचने पर मोहर्रम कमेटी देवास के अध्यक्ष हाजी लियाकत हुसैन मिलन के नेतृत्व में काजी इरफान अहमद अशरफी, काजी नोमान अहमद अशरफी, एवं मुफ्ती आदि गणमान्य जन का इस्तकबाल किया गया। इस अवसर पर लियाकत हुसैन मिलन द्वारा काजी इरफान अहमद अशरफी चीफ काजी देवास सीनियर को विशेष ट्रॉफी फोटो फ्लैमिंग स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। 2 घंटे की झमाझम बारिश शुरू के बावजूद भी झमाझम बारिश के साथ जुलूस निकलता रहा, जश्न -ए- ईद मुबारक के मौके पर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर 1500 वा जोश खरोश के साथ शांति और सद्भावना पुरवक जुलुश निकाला गया।

## गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज ने किया शिक्षकों का सम्मान



**देवास।** गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज की नगर सभा एवं महर्षि गौतम सेवा ट्रस्ट द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर राष्ट्रीय सम्मान से विभूषित शिक्षक एवं राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास के मुख्य आतिथ्य एवं अ. भा. गुर्जर गौड ब्राह्मण महा सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम एम मोदी की अध्यक्षता में समाज के 70 से अधिक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मान पत्र एवं मोमेंटो भेंट करके सम्मान किया । समारोह में सर्वप्रथम नगर सभा अध्यक्ष संतोष दुबे, ट्रस्ट अध्यक्ष एम एम दुबे, महिला सभा अध्यक्ष अनुपमा पाठक, सांस्कृतिक मंत्री रवि व्यास, अमित पंडित एवं आदित्य व्यास ने राष्ट्र के गौरवशाली शिक्षक देवकृष्ण व्यास का शाल श्रीफल एवं सम्मान पत्र से सम्मान किया । अ भा महासभा के संगठन महामंत्री नवीन दुबे ने स्वागत भाषण से समाज की गतिविधि पर प्रकाश डाला। देवकृष्ण व्यास ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के दौर हर शिक्षक को चाणक्य बनाना होगा शिक्षक अपने लिए नहीं राष्ट्र के लिए ही समर्पित रहा है। वरिष्ठ शिक्षक सुंदरलाल शर्मा ने शिक्षक की भूमिका पर मार्मिक उद्बोधन दिया। इस अवसर पर समाज के संतोष त्रिवेदी ,संतोष जोशी, गिरधर शर्मा, संजय द्विवेदी,राजेंद्र दुबे , संजय शर्मा , संजय अभिषेक उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे ।कार्यकम का संचालन चेतन उपाध्याय ने किया आभार डॉ संजय तिवारी ने माना।